# झारखण्ड विधान सभा

## दैनिक विवरणिका

पंचम् झारखण्ड विधान सभा
संख्या-07

पंचम् (बजट) सत्र
सोमवार, दिनांक-08, मार्च, 2021 ई०।
समय-11.00 बजे पूर्वाह्न से 5.15 बजे अप० तक।
(माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया।)

### 1.प्रश्नकाल:-

आज के लिए निर्धारित प्रश्नों का व्यवस्थापन निम्न प्रकार से हुआ-

**(i) अल्पसूचित प्रश्नों की कुल संख्या-25**

**(क) उत्तरित कुल-03,** अ० सू०-116, श्री विनोद कुमार सिंह, स०वि०स०।

(इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के कतिपय माननीय सदस्य अपनी माँगों को लेकर स्लोगनयुक्त पोस्टर के साथ सदन की वेल मे आकर नारेबाजी करने लगे।)

### 2.विविध चर्चायें:-

i- माननीय सदस्य, श्री राज सिन्हा ने पूर्व माननीय सदस्य, श्री संजीव सिंह को दुमका जेल मे स्थानान्तरित किये जाने की ओर आसन का ध्यान आकृष्ट करते हुए इसपर रोक लगाये जाने की माँग की,

ii- माननीय सदस्य, श्री सरयू राय ने आसन का ध्यान आकृष्ट करते हुए सूचित किया कि जमशेदपुर के सोनारी मे खरकई नदी के तट पर पार्क बनना है जहाँ पूरे शहर का कूड़ा डाल दिया गया है जिसमे आग लगी हुई है, इस कारण मिथेन गैस का भी स्राव हो रहा है। अतएव इस दिशा मे सुरक्षात्मक कार्रवाई हेतु उन्होंने आग्रह किया,

iii- माननीय सदस्य, श्री बिरंची नारायण ने आसन से अनुरोध किया कि सदन के बाहर श्रीमती पुष्पा देवी अपनी माँगों को लेकर धरने पर बैठी है, अतएव उन्हें ससम्मान सदन मे लाया जाय तदुपरांत आसन के निदेश से माननीय सदस्य, श्री बिरंची नारायण, माननीय सदस्या, श्रीमती पूर्णिमा नीरज सिंह, माननीय मंत्री, श्री बादल एवं श्री बन्ना गुप्ता द्वारा उन्हें सदन मे लाया गया,

iv- माननीय सदस्य, श्री रामचन्द्र चन्द्रवंशी ने सोमवार, दिनांक-22 मार्च, 2021 को कृषि बिल पर होनेवाले वाद-विवाद पर आपत्ति जतायी,

v- माननीय सदस्य, श्री भानू प्रताप शाही ने आज प्राप्त कार्यस्थगन प्रस्ताव की सूचनाओं पर चर्चा कराये जाने की माँग की।

### 3.प्रश्नकाल(क्रमांक-01 से जारी):-

अ० सू०-118, श्री प्रदीप यादव, स०वि०स०,
अ० सू०-119, श्रीमती पूर्णिमा नीरज सिंह, स०वि०स०।

(ख) अपृष्ठ कुल-02, अ० सू०-115, श्रीमती ममता देवी, स०वि०स०,
अ० सू०-117, श्री बिरंची नारायण, स०वि०स०।

(ग) स्थगित मात्र-01, अ० सू०-120, श्री दीपक बिरूवा, स०वि०स०।

(घ) अनागत कुल-19, अ० सू०-121 से अ० सू०-139 तक।

**(ii) तारांकित प्रश्नों की कुल संख्या-32**

(क) उत्तरित कुल-04, तारां०-272, श्री कमलेश कुमार सिंह, स० वि० स०।

इस क्रम मे भारतीय जनता पार्टी के माननीय सदस्यों द्वारा नारेबाजी की जाती रही, अतएव अव्यवस्था के माहौल को देखते हुए सदन की कार्यवाही 11.30 बजे पूर्वा० से 11.45 बजे पूर्वा० तक के लिए स्थगित कर दी गयी।

(स्थगनोपरांत)

**माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया।**

माननीय अध्यक्ष महोदय के आसन ग्रहण करने के उपरांत माननीय सदस्य, श्री मनीष जयसवाल ने आसन का ध्यान आकृष्ट करते हुए सूचित किया कि महिला कर्मियों को पूरे सेवाकाल मे दो साल का अवकाश दिये जाने का प्रावधान है और यह बिहार सरकार मे लागू है। इसके समर्थन मे उन्होंने कुछ कागजात पढ़ा जिसे आसन द्वारा माँगा गया।

**(तारांकित प्रश्नकाल जारी)**

तारां०-273, श्री रामदास सोरेन, स० वि० स०,
तारां०-274, श्री रणधीर कुमार सिंह, स० वि० स०,
तारां०-275, श्री भूषण बाड़ा, स० वि० स०।

(ख) अपृष्ठ कुल-02, तारां०-270, श्री चन्द्रेश्वर प्रसाद सिंह, स० वि० स०,
तारां०-271, डॉ० इरफान अंसारी, स० वि० स०।

(ग) अनागत कुल-26, तारां०-276 से लेकर तारां०-301 तक।

**4.शुभकामना संदेश:-**

आज दिनांक-08 मार्च, 2021 को विश्व महिला दिवस के शुभअवसर पर आसन द्वारा सभी नारियों को हार्दिक शुभकामनायें दी गयी।

इस क्रम मे माननीय सदस्य, श्री भानू प्रताप शाही ने आसन से जिज्ञासा प्रकट की कि मुख्यमंत्री प्रश्नकाल क्यों नहीं लिया जा रहा है जिसपर आसन के निदेश से माननीय संसदीय कार्यमंत्री द्वारा स्पष्ट किया गया कि कोविड-19 को ध्यान मे रखकर ऐसा किया गया है।

(शोरगुल)

**5.शून्यकाल की सूचनायें :-**

आज दिनांक-08 मार्च, 2021 के लिए स्वीकृत निम्नांकित शून्यकाल की सूचनायें माननीय सदस्यों द्वारा पढ़ी गयी-

श्री अमित कुमार यादव,
श्री उमाशंकर अकेला,
श्री राजेश कच्छप,

(इस क्रम में माननीय सदस्या, श्रीमती पुष्पा देवी ने अपने विधान सभा क्षेत्र, छतरपुर में रजिस्ट्रार कार्यालय खोलने की माँग की जिसे संज्ञान में लिया गया।)

श्री समीर कुमार मोहन्ती,

श्रीमती अपर्णासेन गुप्ता,
श्री अमित कुमार मण्डल,
श्री नारायण दास,
श्री बंधु तिर्की,
श्री कुशवाहा शशिभूषण मेहता,
श्री अनन्त कुमार ओझा,
श्री नमन विक्सल कोनगाड़ी,
श्री विनोद कुमार सिंह,
श्री दीपक बिरूवा,
श्री बिरंची नारायण,
श्री लम्बोदर महतो,
श्री मथुरा प्रसाद महतो,
श्रीमती दीपिका पाण्डेय सिंह,
श्री संजीव सरदार,
श्री जिग्गा सुसारन होरो,
श्री दुलू महतो,
श्री मनीष जयसवाल।

## 6.कार्यस्थगन प्रस्ताव की सूचनायें:-

माननीय सदस्य, श्री बिरंची नारायण एवं डॉ० कुशवाहा शशिभूषण मेहता द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों मे दिये जा रहे अनियमित बिजली बिल, डॉ० लम्बोदर महतो द्वारा विस्थापन एवं पुनर्वास आयोग का गठन किये जाने, माननीय सदस्य, श्री अमित कुमार मण्डल द्वारा राज्य मे रेप की घटनाओं की त्वरित सुनवाई हेतु **Speed Trial Court** का गठन किये जाने एवं माननीय सदस्य, श्री केदार हजरा द्वारा चक्रवृद्धि ब्याज सहित बकाये बिजली बिल दिये जाने सम्बन्धी दिये गये कार्यस्थगन प्रस्ताव की सूचनाओं को आसन द्वारा पढ़ा गया। चूँकि इन विषयों पर चलते बजट सत्र में वाद-विवाद के क्रम मे चर्चायें सम्भव है अतएव नियमानुकूल नही रहने के कारण इन्हें अमान्य किया गया।

(शोरगुल)

## 7.ध्यानाकर्षण प्रस्ताव की सूचनायें एवं उसपर सरकार का वक्तव्य:-

i- माननीय सदस्य, श्री बंधु तिर्की से प्राप्त ध्यानाकर्षण प्रस्ताव की सूचना पढ़ी गयी जिसपर सरकारी वक्तव्य हुआ,

ii- माननीय सदस्य, श्री मनीष जायसवाल से प्राप्त ध्यानाकर्षण प्रस्ताव की सूचना पढ़ी गयी जिसपर सरकारी वक्तव्य हुआ।

## 8.वित्तीय कार्य:-

आसन द्वारा पुकारे जाने पर माननीय प्रभारी मंत्री, श्री बादल द्वारा वित्तीय वर्ष-2021-22 के आय-व्ययक मे सम्मिलित अनुदानो की माँगो खण्ड-(01) कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (कृषि प्रभाग) कृषि, पशुपाल एवं सहकारिता विभाग (सहकारिता प्रभाग), कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (मत्स्य प्रभाग), कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (डेयरी प्रभाग) की माँगे

## 9.वित्तीय कार्य(क्रमांक-8 से जारी):-

अन्तराल के पूर्व प्रस्तुत माँग पर आसन के निदेश से माननीय सदस्य, श्री रामचन्द्र चन्द्रवंशी ने चर्चा प्रारंभ की। इसके बाद निम्नांकित माननीय सदस्यों ने भी भाग लिया-

श्री मथुरा प्रसाद महतो,
श्री रणधीर कुमार सिंह,
श्री राजेश कच्छप,
श्री बंधु तिर्की,
श्री लम्बोदर महतो,
श्री विनोद कुमार सिंह,
श्री दशरथ गागराई,

(इस अवसर पर कार्यवाही पर्यन्त सभा की सहमति से सदन का समय विस्तारित किया गया।)

श्री केदार हजरा,
श्री अमित कुमार यादव।

इस क्रम में माननीय मुख्यमंत्री द्वारा आसन के माध्यम से माननीय सदस्यों से अनुरोध किया गया कि जो भी माननीय सदस्य बजट सम्बन्धी सुझाव देना चाहते है, वे इसे लिखित रूप में भी दे सकते है, उसपर भी सरकार विचार करेगी।

इसके उपरांत माननीय प्रभारी मंत्री, श्री बादल द्वारा सरकार की ओर से उत्तर दिया गया और कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (कृषि प्रभाग) की माँग सभा द्वारा स्वीकृत हुई तथा माननीय सदस्य, श्री रामचन्द्र चन्द्रवंशी द्वारा प्रस्तुत कटौती का प्रस्ताव अस्वीकृत हुआ।

**(सरकारी उत्तर के क्रम में भारतीय जनता पार्टी के माननीय सदस्यों द्वारा विरोधस्वरूप सदन से बहिर्गमन किया गया।)**

## 10.निवेदन:-

माननीय सदस्यों से प्राप्त कुल-33 निवेदन की सूचनाओं को लिखित उत्तर हेतु सम्बन्धित विभागों मे भेजे जाने हेतु आसन से निदेश दिया गया तत्पश्चात् सभा की कार्यवाही मंगलवार, दिनांक-09.03.2020 के 11.00 बजे पूर्वा० तक के लिए स्थगित की गयी।

महेन्द्र प्रसाद,
सचिव,
झारखण्ड विधान सभा।

राँची,
दिनांक- 08 मार्च, 2020ई०।